# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर याचिका संख्या 3913/2022 श्री चन्द्रभान डूकिया बनाम स्टेट व अन्य में दिए गए निर्णय दिनांक 15.03.2022 के संबंध में प्रस्तुत किए गए अभ्यावेदन को अभिलेख एवं संबंधित सेवा नियमों की स्थिति के संबंध में देखा गया।

यचिकार्थी द्वारा अपने अभ्यावेदन में मुख्य रूप से यह कथन किया गया है कि याचिकार्थी को कार्यालय आदेश क्रमांकः शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रसायन विज्ञान(पुरुष/महिला)/डीपीसी पद–स्थापन/ 2015–16 दिनांक 27.08.2015 के अनुसार राउमावि हरसौर जिला नागौर में पदस्थापित किया गया था तथा इनके द्वारा दिनांक 29.08.2015 को उक्त विद्यालय में कार्यग्रहण कर लिया गया। याचिकार्थी का कार्यालय आदेश में वर्ष 2015–16 की रिक्तियों के विरुद्ध हुई विभागीय पदोन्नति का स्पष्ट आदेश होने के बावजूद भी इनका चयन वर्ष 2017–18 कर दिया गया। अतः इन्हें न्यायालय निर्णयानुसार व्याख्याता चयन वर्ष 2015–16 में सम्मिलित करवाने की कृपा करें।

राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर याचिका संख्या 3913/2022 में पारित आदेश दिनांक 15.03.2022 के द्वारा याचिका निस्तारित करते हुए यह आदेश पारित किया गया है कि याचिकार्थी अपना अभ्यावेदन प्रतिवादी को प्रस्तुत करें तथा प्रतिवादी प्राप्त अभ्यावेदन विभागीय दिशा–निदेशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में सकारण एवं स्पीकिंग आदेश जारी करते हुए अभ्यावेदन निस्तारित करें। याचिकार्थी द्वारा की जा रही मांग के सम्बंध में संबंधित अभिलेखीय स्थिति के अनुसार याचिकार्थी की माँग अनुरूप इनका प्राध्यापक(स्कूल शिक्षा) रसायन विज्ञान की चयन वर्ष 2015–16 की रिक्तियों के प्रति रिव्यू डीपीसी बैठक दिनांक 28.06.2023 मे रिव्यू चयन किया जाकर चयन आदेश दिनांक 02.08.2023 को जारी किए जा चुके है। अतः तदनुरूप अभ्यावेदन निस्तारित किया जाता है। सभी सम्बन्धित सूचित हों।

Rajasthan Education Department

**(काना राम)**
**आई.ए.एस**
**निदेशक,**
**माध्यमिक शिक्षा–राजस्थान,**
**बीकानेर**

**क्रमांकः–शिविरा–माध्य/संस्था/डीपीसी/प्रभाग–1/याचिका सं–3913/2022** **दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर
2 संयुक्त विधि परामर्शी, शिक्षा(विधि प्रकोष्ठ)विभाग, राजस्थान, जयपुर
3 संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग, राजस्थान, जयपुर
4 संबंधित संयुक्त निदेशक(स्कूल शिक्षा) बीकानेर
5 जिला शिक्षा अधिकारी(माध्यमिक–विधि) जोधपुर
6 अनुभाग अधिकारी, विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा
7 अनुभाग अधिकारी, कम्प्युटर अनुभाग, कार्यालय हाजा
8 संस्था प्रधान राउमावि जायल नागौर (रजिस्टर्ड)
9 संबंधित याचिकार्थी श्री चन्द्रभान डूकिया (व्याख्याता रसायन विज्ञान) राउमावि जायल नागौर (रजिस्टर्ड)
10 रक्षित पत्रावली

**संयुक्त निदेशक(कार्मिक),**
**माध्यमिक शिक्षा–राजस्थान,**
**बीकानेर**

Signature valid

Digitally signed by Kana Ram
Designation : Director
Date: 2023.09.25 1?:37:16 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4656185